चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 20-9-25 | 5 | 3-6 |

# कृषि मेले की तैयारियों को लेकर कुलपति ने की समीक्षा

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मेला ग्राउंड में 21 व 22 सितंबर को 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' विषय पर आयोजित किए जाने वाले कृषि मेले की तैयारियों की समीक्षा कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने की।

प्रो. बीआर काम्बोज कुलपति सचिवालय स्थित मीटिंग हाल में आगामी कृषि मेला (रबी) की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा तथा नलवा से विधायक रणधीर पनिहार भी मौजूद रहेंगे।

उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मेला प्रबंधन को लेकर गठित की गई विभिन्न 28 कमेटियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपने-अपने कार्य निर्धारित समय पर पूरा करने की भी हिदायत दी। उन्होंने बताया कि मेले में 300 स्टालें लगाई जाएंगी जिनमें 200 स्टालें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा तथा 75 स्टालें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यान विभाग तथा मत्स्य विभाग द्वारा लगाई जाएंगी। मेले में 25 स्टालें प्रगतिशील किसानों द्वारा लगाई जाएंगी। इन स्टालों में जैविक खेती, जहर मुक्त खेती, परंपरागत खेती, तकनीक एवं उपकरण प्रदर्शित किए जाएंगे।



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज समीक्षा बैठक करते हुए • जागरण

**मिट्टी, सिंचाई, जल व रोगी पौधों की जांच की सुविधा होगी उपलब्ध :** कुलपति ने बताया कि मेले में विश्वविद्यालय द्वारा विकसित किए गए उन्नत किस्मों के बीज किसानों को उपलब्ध करवाने के लिए संबंधित विभागों द्वारा अनेक काउंटर बनाए जाएंगे। सभी काउंटर पर 21 सितंबर को प्रातः आठ बजे बीजों की बिक्री आरंभ करवा दी जाएगी। मेले में मिट्टी, सिंचाई जल तथा रोगी पौधों की विज्ञानी जांच कराने की भी किसानों को सुविधा प्रदान की जाएगी। मेले में दोनों दिन फसल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश के भी किसान भाग लेते हैं, इसलिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वाहन पार्किंग और सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें भी दिखाई जाएंगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 20-9-25 | 5 | 3-5 |

# हकृवि में कृषि मेले की तैयारियों को लेकर कुलपति ने की समीक्षा बैठक

## संबंधित अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

हिसार, 19 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा):चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मेला ग्राउंड में 21 व 22 सितम्बर को 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' विषय पर आयोजित किए जाने वाले कृषि मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने संबंधित अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ सभी कार्य बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए हैं। प्रो. बी.आर. काम्बोज कुलपति सचिवालय स्थित मीटिंग हाल में आगामी कृषि मेला (रबी) की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री, रणबीर गंगवा तथा नलवा से विधायक रणधीर पनिहार भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मेला प्रबंधन को लेकर गठित की गई विभिन्न 28 कमेटियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपने-अपने कार्य निर्धारित समय पर पूरा करने की भी हिदायत दी। उन्होंने बताया कि मेले में 300 स्टालें लगाई जाएंगी जिनमें 200 स्टालें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा तथा 75 स्टालें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय,, करनाल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यान विभाग तथा मत्स्य विभाग द्वारा लगाई जाएंगी। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण समस्त हरियाणा से आए प्रगतिशील किसानों की स्टालें होंगी। उन्होंने बताया कि मेले में हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश के भी किसान भाग लेते हैं, इसलिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वाहन पार्किंग और सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें भी दिखाई जाएंगी तथा उनमें प्रयोग की गई तकनीक की जानकारी दी जाएगी। सह निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव ने मेले को लेकर की जा रही तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में कुलसचिव सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष एवं मेले से संबंधित सभी कमेटियों के समन्वयक भी उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समीक्षा बैठक करते हुए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 20-9-25 | 4 | 1-2 |

# हकृवि में कृषि मेले की तैयारियों को लेकर कुलपति ने की समीक्षा बैठक



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समीक्षा बैठक करते हुए*

हिसार, 19 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मेला ग्राउंड में 21 व 22 सितंबर को 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' विषय पर आयोजित किए जाने वाले कृषि मेले की तैय्यारियों की समीक्षा करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने संबंधित अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ सभी कार्य बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए हैं।

प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि 21 सितंबर को मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री, रणबीर गंगवा तथा नलवा से विधायक रणधीर पनिहार भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मेला प्रबंधन को लेकर गठित की गई विभिन्न 28 कमेटियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपने-अपने कार्य निर्धारित समय पर पूरा करने की भी हिदायत दी। बैठक में कुलसचिव सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष एवं मेले से संबंधित सभी कमेटियों के समन्वयक भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 20-9-25 | 11 | 2-4 |

# कृषि मेलाः सभी अधिकारी तालमेल से करें काम

■ 21 व 22 सितंबर को हकृवि के मेला ग्राउंड में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर होगा आयोजन

हरिभूमिन्यूज ▶▶ हिसार



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मेला ग्राउंड में 21 व 22 सितंबर को 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' विषय पर आयोजित किए जाने वाले कृषि मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने संबंधित अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ सभी कार्य बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए हैं। प्रो. बीआर काम्बोज कुलपति सचिवालय स्थित मीटिंग हाल में आगामी कृषि मेला (रबी) की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री, रणबीर गंगवा तथा नलवा से विधायक रणधीर पनिहार भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मेला प्रबंधन को लेकर गठित की गई विभिन्न 28 कमेटियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपने-अपने कार्य निर्धारित समय पर पूरा करने की भी हिदायत दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 19.9.2025 | -- | -- |


# हकृवि में कृषि मेले की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक, कुलपति ने दिए निर्देश

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मेला ग्राउंड में 21 व 22 सितंबर को 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' विषय पर आयोजित किए जाने वाले कृषि मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने संबंधित अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ सभी कार्य बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए हैं।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समीक्षा बैठक करते हुए।

प्रो. बी.आर. काम्बोज कुलपति सचिवालय स्थित मीटिंग हाल में आगामी कृषि मेला (रबी) की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री, रणबीर गंगवा तथा नलवा से विधायक रणधीर पनिहार भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मेला प्रबंधन को लेकर गठित की गई विभिन्न 28 कमेटियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपने-अपने कार्य निर्धारित समय पर पूरा करने की भी हिदायत दी।

**मुख्य बिंदु**

मेले में 300 स्टालें लगाई जाएंगी जिनमें 200 स्टालें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा तथा 75 स्टालें एचएयू, लुवास, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यान विभाग तथा मत्स्य विभाग द्वारा लगाई जाएंगी।

मेले में 25 स्टालें प्रगतिशील किसानों द्वारा लगाई जाएंगी। इन स्टालों में जैविक खेती, जहर मुक्त खेती, परंपरागत खेती, तकनीक एवं उपकरण प्रदर्शित किए जाएंगे।

सभी काउंटर पर 21 सितंबर को प्रातः 8 बजे बीजों की बिक्री आरम्भ करवा दी

मेले में मिट्टी, सिंचाई जल तथा रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच कराने की भी किसानों को सुविधा प्रदान की जाएगी।

मेले में दोनों दिन फसल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

किसानों की सुविधा के लिए उनके बैठने के लिए वाटर प्रूफ पंडाल होगा।

प्रदर्शनी क्षेत्र में पक्के रास्तों का निर्माण किया गया है और मेला स्थल की सुरक्षा के लिए चार दीवारी व प्रकाश की व्यवस्था की गई है।

वाहन पार्किंग और सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे।